बरेली, सोमवार
31 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO :IV MIDDLE

# चेन्नई का आरएमडी इंजीनियरिंग कालेज बना हैकाथान का विजेता



हैकाथान 3.0 की विजेता चेन्नई के आरएमडी इंजीनियरिंग कालेज की टीम के छात्रों को पुरस्कृत करते अतिथि व शिक्षक ● जागरण

जागरण संवाददाता, बरेली : तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई स्थित आरएमडी इंजीनियरिंग कालेज की टीम हैकाथान 3.0 की विजेता बनी। तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एनपीआर कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की टीम द्वितीय व एसआरएमएस सीईटी की टीम तृतीय रही। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति और ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) में 'सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सोल्यूशन' थीम पर हुई हैकाथान 3.0 में स्नातक और परास्नातक वर्ग में तमिलनाडु, तेलंगाना, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के तकनीकी महाविद्यालयों की 46 टीमों में 172 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। 27 मार्च को इसका उद्घाटन हुआ। दूसरे दिन 28 मार्च को

समाधान कौशल से प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सोल्यूशन थीम पर प्रोटोटाइप और माडल पर काम किया। निर्णायक मंडल ने चेन्नई के आरएमडी इंजीनियरिंग कालेज की टीम को विजेता घोषित किया। द्वितीय रही तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एनपीआर कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की टीम को 21 हजार रुपये और तृतीय रही एसआरएमएस सीईटी बरेली की टीम को 11 हजार रुपये दिए। एसआरएमएस सीईटी की दूसरी टीम टेक टोरनेडो लखनऊ स्थित बंसल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की टीम और एसआरएमएस सीईटीआर की टीम को सांत्वना पुरस्कार के रूप में पांच-पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिला। इस दौरान बैंक आफ बड़ौदा के जीएम प्रतीक अग्निहोत्री